>

Title: Need to construct Railway Over Bridges at level crossings in Chandauli Town Area and at Matkutta on Alinagar-Sakaldeeha railway line in Uttar Pradesh.

श्री रामकिशुन (चन्दौली): देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश के जनपद चन्दौली में एशिया महाद्वीप का सबसे बड़ा रेलवे यार्ड मुगलसराय में स्थित है, जहां से देश के विभिन्न राज्यों के विभिन्न स्थानों के लिए कई रेलवे लाइनें जनपद के विभिन्न भागों से होकर जाती हैं। विभिन्न रेलवे लाइनों (मुगलसराय-पटना, मुगलसराय-वाराणसी, मुगलसराय-मिर्जापुर-इलाहाबाद दोहरी रेल लाईन तथा मुगलसराय-गया-हावड़ा तेहरी रेल लाइन) के चलते जनपद चन्दौली कई भूभाग में बंट जाता है। इन रेल लाइनों पर सवारी गाड़ियों और मालगाड़ियों का भारी आवागमन होता रहता है। भारी आवागमन होने के कारण जनपद में महत्वपूर्ण रेल फाटक काफी समय तक बंद रहते हैं, जिनके कारण प्रमुख रेलवे फाटकों के सड़कों पर गाड़ी आदि का लम्बा जाम लग जाता है। जनपद वासियों को आने जाने में जाम व रेलवे फाटक बंद होने के कारण काफी कठिनाई होती है। मरीजों को अस्पताल पहुंचने में भी काफी कठिनाई होती है। इतना ही नहीं न्यायालय के वादकारियों को भी न्यायालय पहुंचने में भी काफी परेशानी उठानी पड़ती है, जिससे उनके मुकदमें आदि में समय से नहीं पहुंचने पर जुर्माना आदि देने के साथ ही न्याय मिलने में असुविधा होती है।

जनपद चन्दौली का मुख्यालय टाऊन एरिया चन्दौली में स्थित है, जहां से मुगलसराय-गया-हावड़ा तेहरी रेलवे लाइन मुख्यालय के बीचोंबीच से गुजरती है। यहां पर एकमात्र रेलवे फाटक है जो अधिकांश समय से घंटों-घंटों तक बंद रहता है, थोड़े-थोड़े समय के लिए खुलता है, जिससे यहां जिला मुख्यालय पर जाम तथा सड़कों पर वाहनों की लम्बी कतार लगी रहती है, जिसमें, छात्र, व्यापारी, बीमार व्यक्ति, वादकारी, आम जनता आदि कई घंटों तक फंसे रहते हैं। कम समय तक रेलवे फाटक खुलने से जल्दी-जल्दी फाटक पार करने में अब तक कई लोगों की जानें जा चुकी हैं। यही हालात इन रेलवे लाइनों पर स्थित अलीनगर-सकलडीहा मार्ग के मटकुइा रेलवे फाटक की है, जहां रेलवे फाटक बंद रहता है, जिससे वाहनों की लम्बी कतार तथा जाम लगा रहता है।

अतः इस लोक महत्व के अविलम्बनीय विषय पर सदन का ध्यान आकृष्ट करते हुए मैं भारत सरकार से जनपद चन्दौली के मुख्यालय चन्दौली के रेलवे फाटक के स्थान पर तथा अलीनगर-सकलडीहा मार्ग के मटकुइा रेलवे फाटक पर एक-एक ओवर ब्रिज का निर्माण कराये जाने की मांग करता हूं।